महिला मण्डल नेरी

ग्रम पंचायत नेरी

डा0 रौडी तहसील शिमला (ग्रामीण) जिला शिमला

की

सफलता की कहानी

कर्मणयेन सिधियन्ती कार्याः नः मनोरथैः

सुप्तस्य सिंहस्य मुखे नः प्रविशन्ति मृगाः

अर्थात कर्म करने से कार्य सफल होते हैं न कि मात्र इच्छा करने से।सोये हुए शेर के मुंह में हिरण स्वंय प्रवेश नहीं करता और शेर को शिकार के लिए जंगल में दौडना पडता है।

संकल्न – बिमला शर्मा

एच0टी0एम0

विकास खण्ड मशोबरा।

रूपरेखा

महिला मण्डल का नाम	नेरी
ग्राम पंचायत	नेरी
वार्ड संख्या	5
वार्ड की कुल जनसंख्या	300
कुल परिवार	64
ए0पी0एल0 परिवार	50
बि0पी0एल0 परिवार	14
पशु औषधालय	01
आगनबाडी केन्द्र	01
पंचायत घर	01
शिमला से दूरी	12 कि0मी0
मंदिर	01
भवन	2 कमरे, 1 रसोई व एक शौचालय
सुविधाएं	पक्के रास्ते, सभी घरों में बिजली, पानी व सिंचाई सुविधा
वातावरण	चारों ओर जंगल क्षेत्र
महिला मण्डल प्रधान	कौशल्य
महिला मण्डल सचिव	सीमा
महिला मण्डल कोषाध्यक्ष	सरिता
महिला मण्डल सदस्य संख्या	31

पंजीकरण

महिला मण्डल नेरी का पजीकरण हिमाचल प्रदेश सभाये पजीकरण अधिनियम गगए1860 के अर्न्तगत पजीयक सभाये हिमाचल प्रदेश द्वारा दिनाक 5.7.1988 को सख्या 6661/88 के अर्न्तगत किया गया

कार्यालय पंजीयक सभायें, हि० प्र०

सभायें पंजीकरण अधिनियम XXI, 1860
के अन्तर्गत पंजीकरण प्रमाण-पत्र

संख्या 6661/88

मैं प्रमाणित करता हूं कि महिला मण्डल नेरी गांव नेरी, डा० पवाबो, तहसील व जिला शिमला हि० प्र०

सभायें पंजीकरण अधिनियम XXI, 1860 के अन्तर्गत इस दिन पंजीकृत की गई है। आज दिनांक पाँच जुलाई एक हजार नौ सौ अठ्ठासी को मेरे हस्ताक्षर द्वारा (शिमला) में जारी किया गया।

पंजीयक सभायें,
हिमाचल प्रदेश।

मु. 50/- रुपये पंजीकरण
शुल्क चालान संख्या 10
दिनांक 19-5-88
द्वारा जमा किया गया।

राजकीय मुद्रणालय, हि० प्र०, शिमला—2430-भार०पी०(एस०)/86-1-12-86—5,000.

Supdt. General
Municipal Corporation
SHIMLA

समाजिक कार्य

प्रारम्भ मे प्रत्येक सदस्य का मासिक अशदान **₹1/–** रखा गया था जो कि वर्तमान मे **₹5/–** है यह महिला मण्डल शुरु से ही समाजिक कार्य मे बढ चड कर भाग लेता आया है। पाठशाला भवन के निर्वाण हेतु बजरी कूटना, लिपाई पुताई करना सार्वजनिक स्थानो की सफाई करना एव राज्य/राष्ट्रीय स्तर पर आपदा प्रभावित क्षेत्रो को आर्थिक सहायता देना प्रमुख है जैसे गुजरात राज्य के भुज एव दक्षिण भारत में आई सुनामी से प्रभावित लोगो की सहायता हेतू प्रधानमन्त्री सहायता कोष मे कमश **₹3000/–** एव **₹2270/–** की आर्थिक सहायता दी गई।

धार की कुफर व कैंथ का जुब्बड नामक गाव मे लगी आग से प्रभावित परिवारो को **₹5000/–** तथा अपने अपने घरो से बिस्तर, कपडे, बर्तन, खाद्य सामग्री दी गई। गाव मे एक बच्चे की इलाज हेतू **₹10000/–** की सहायता दी वह बच्चा कैंसर से ग्रसित था जो कि अब स्वस्थ है।



स्वच्छता अभियान

इस महिला मण्डल ने स्वच्छ भारत अभियान के अर्न्तगत सम्पूर्ण स्वच्छता अपनाने का सकल्प लिया है इस सकल्प को पूरा करने के लिए महिला मण्डल रास्तो की सफाई, नालियों, शौचालयों मन्दिर,आंगनबाडी, पाठशाला पशु औशधालय एंव घरो की साफ सफाई की तथा झाडिया भी काटी इसके अतिरिक्त अपनी साफ सफाई हेतू जागरुकता शिविर लगायें और लोगो की नाखून काटना, बाल काटना, दांतो की सफाई, साफ सूथरे कपडे पहनना प्रतिदिन स्नान करना कुपोषण, नशाखोरी, स्वाइन फलू, पीलिया आदि से बचने बारे शिक्षित किया। पौधारोपण कार्यकम भी आयोजित किये ताकि शुद्ध हवा मिल सके।

सराहनीय कार्य

सुप्रसिद्ध पर्यटक स्थल चैडविक फॉल जो कि ग्राम पचायत चायली मे आता है कि साफ सफाई हेतू अभियान चलाया वहा पर पडे प्लासटिक, खाली बोतलो, कुडे कचरे को एकत्रित करके गडडे खोद कर उन मे दबा दिया व सूखे कचरे को जला कर नष्ट किया। इस अभियान को शिमला के सिटि चैनल व चैनल 9 केन्द्रो ने प्राथमिकता से प्रदर्शित किया।

इस महिला मण्डल को सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान को सफलता पूर्ण लागू करने पर **खण्ड स्तर** पर उप निदेशक एव परियोजना अधिकारी जिला शिमला द्वारा 19.03.2016 को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया एव **₹30000/–** की ईनाम राशि प्रदान की गई। इस समय महिला मण्डल के खाते में **₹51594/–** शेष है।



"जहां चाह वहां राह"

"हर चीज का आधार नैतिकता है
और सच नैतिकता का मूल तत्व है"